Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding demand for fencing of NH 231 between Raibareilly and Jaunpur to prevent road accidents caused due to animals

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): सभापति जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच 231 लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के रायबरेली से जौनपुर के बीच मार्ग में सर्विस लेन ना होने तथा जनपद प्रतापगढ़ के क्षेत्र में अनेक स्थानों पर वन्य अभ्यारण की भांति जानवरों की अधिकता होने, विशेषकर नीलगाय प्रभावित क्षेत्र होने के कारण अचानक तेज गति से चलने वाले वाहनों के सामने तेजी से दौड़ने वाली नीलगाय टकराती हैं जिससे बड़े-बड़े हादसे घटित होते रहते हैं ।

जनपद प्रतापगढ़ के कई सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय व्यापारियों के साथ इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घट चुकी हैं।

मैं आज आपके माध्यम से भारत सरकार की भूतल परिवहन मंत्री से मांग करता हूं कि एनएच 231 के रायबरेली से बादशाहपुर के बीच डिवाइडर एंगल के साथ-साथ सर्विस लेन एवं किनारों पर बाड़ एंगल लगाकर जानवरों से राष्ट्रीय राजमार्ग को सुरक्षित कराए जाने की व्यवस्था कराने की कृपा करें ।